कक्षा छठी

पोंगल



HAPPY PONGAL

कोलम

गुड दूध व चावल से शर्करइ पोंगल बनाते हुए

शर्करइ पोंगल मीठा पकवान

माट्टु पोंगल

पोंगल

प्र०1. पोंगल का त्योहार किस प्रकार मनाया जाता है?

उत्तर:— पोंगल के त्योहार के दिन गाय व बैलों को सजाया जाता है। घर में कोलम भी बनाया जाता है व मीठे पकवान बनाए जाते हैं।

प्र०2. कोलम किसे कहते हैं? यह कैसे बनाया जाता है?

उत्तर:— चावल के आटे से फ़र्श पर बनाई गई सुंदर आकृतियों को कोलम कहते हैं।

प्र०3. 'शर्करइ पोंगल' किस प्रकार बनाया जाता है?

उत्तर:— चूल्हे पर नए बर्तन में दूध, गुड़ व चावल को पकाया जाता है इस पकवान को शर्करइ पोंगल कहा जाता है।

प्र०4. माट्टु पोंगल के दिन क्या होता है?

उत्तर:— पोंगल त्योहार खेती-बाड़ी से संबंधित है। माट्टु पोंगल के दिन पशुओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है। बैलों को सजा कर बैलगाड़ियों की दौड़ करवाई जाती है।

प्र०5. गोपाल की उम्र कितनी थी?

उत्तर:— गोपाल की उम्र दस बरस थी।

प्र०6. गोपाल अपने माता-पिता के साथ कितने महीनों के लिए भारत आ रहे थे?

उत्तर:— गोपाल अपने माता-पिता के साथ एक महीने के लिए भारत आ रहे थे।

प्र०7. पोंगल पर विशेष रूप से किसकी पूजा-अर्चना की जाती है?

उत्तर:— पोंगल पर विशेष रूप से सूर्य की पूजा-अर्चना की जाती है।

भाषा की बात

पाठ में आए अनुस्वार व अनुनासिक शब्दों को छाँटकर लिखिए:—

	अनुस्वार	अनुनासिक
1.	पोंगल	आकृतियाँ
2.	बैलों	खुशियाँ
3.	इंद्र	सँवारती
4.	सुगंध	गाँव
5.	सुंदर	बाँटते

विलोम शब्द

क.) गमन — आगमन ग.) कृतघ्नता — कृतज्ञता
ख.) दुर्गंध — सुगंध घ.) निरर्थक — सार्थक

धन्यवाद